डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः सम्ब0/1301/2025
दिनांक 16/04/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय,

आपके महाविद्यालय में संचालित स्थायी/अस्थायी बी0एड0 पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचनाओं की विश्वविद्यालय को आवश्यकता हैः–

1. संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता की अद्यतन स्थिति।
2. एन0सी0टी0ई0 द्वारा जारी Recognition Letter एवं Revised Letter की प्रमाणित फोटो प्रति।
3. एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के अनुसार विश्वविद्यालय से शिक्षक अनुमोदन कराने का पत्र तथा यदि एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के अनुसार शिक्षक महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय से अनुमोदित नही करायें गये हैं तो नियमानुसार दिनांक 08 मई, 2025 तक करा लें उक्त तिथि के उपरान्त अनुमोदित शिक्षकों की पत्रावली पर सत्र 2025–26 हेतु विचार नही किया जायेगा।
4. अनुमोदित शिक्षकों का दिनांक 01.01.2024 से 15.04.2025 तक का वेतन भुगतान का बैंक द्वारा प्रमाणित प्रमाण।
5. प्रबन्ध समिति की अनुमोदन की अद्यतन स्थिति।
6. Performance Appraisal Report (PAR) भरें जाने का प्रमाणित प्रमाण।

अतः उपरोक्त से अवगत होते हुये वांछित सूचना प्रमाणित प्रपत्रों के साथ दिनांक 21.4.2025 तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय स्तर से किसी भी कार्यवाही के लिये महाविद्यालय प्रबन्धन स्वयं जिम्मेदार होगा।

16/04/25
उप–कुलसचिव
(सम्बद्धन)

प्रतिलिपि–

1. प्रभारी–कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षक–कुलसचिव कार्यालय।
3. ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को जनपद–आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी में संचालित समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों की लोगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल

उप–कुलसचिव
(सम्बद्धन)

Affisvlett